कार्यालय: अंचल अधिकारी, कटकमदाग (हजारीबाग)

# विविध वाद

अभिलेख संख्या ......11............../25–26

**श्रीमती सोनिया देवी, पति–स्व0 तुलसी महतो, मौजा–नावाडीह**

| दिनांक | आदेश | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 06/11/25 | श्री रोहन महतो पति–स्व0 तुलसी महतो मौजा–नावाडीह अंचल–कटकमदाग के द्वारा आवेदन के साथ केवाला एवं रशीद वर्ष–1989–90,2000–01 तक संलग्न करते हुए बतलाया गया है कि आवेदक के माता सोनिया देवी पति– स्व0 तुलसी महतो के नाम से मौजा– नावाडही अन्तर्गत खाता संख्या–04 प्लॉट संख्या–1167 रकवा– 27 डी0 की जमाबंदी पूरानी पंजी–2 में कायम है, परन्तु ऑनलाईन पंजी–2 में इसकी प्रविष्टि नही हुई है। आवेदक के द्वारा तकरारी भूमि को ऑनलाईन प्रविष्ठ करने हेतु अनुरोध किया गया था। संबंधित राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक के द्वारा जमाबंदी से संबंधित एवं अंचल अमीन से दखल से संबंधित प्रतिवेदन की मांग करें है –<br>अभिलेख दिनांक 8/11/25... को रखें ।<br>अंचल अधिकारी,<br>कटकमदाग | |
| 8/11/25 | **अभिलेख उपस्थापित**<br>राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक कटकमदाग के द्वारा संयुक्त जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो निम्नवत् है –<br>1. खतियान के अनुसार मौजा– नावाडीह अन्तर्गत खाता संख्या–04 रैयती खाते की भूमि है ।<br>2. हाल पंजी II के पृष्ठ संख्या–35/I पर सोनिया देवी पति– स्व0 तुलसी महतो के नाम से खाता संख्या–04 प्लॉट सं0–1167 रकवा–27 डी0 भूमि की जमाबंदी कायम है ।<br>3. तकरारी जमाबंदी को ऑनलाईन प्रविष्ट के लिए अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु अनुशंसा की गई है ।<br>साथ ही अंचल अमीन, कटकमदाग के द्वारा मौजा– नावाडीह अन्तर्गत खाता संख्या–04 प्लॉट संख्या–1167 रकवा–27 डी0 भूमि के स्थानीय जाँच के उपरांत प्रतिवेदित किया गया है, कि आवेदित भूमि पर केवालाधारी रैयत सोनिया देवी पिता–स्व0 तुलसी महतो का दखल–कब्जा बताया गया ।<br>विवाद रहित पंजी–2 इन्द्राज के निमित आम–इस्तेहार निर्गत करते हुए दिनांक 12/12/25...... तक आपति की मांग करें ।<br>अभिलेख दिनांक 12/12/25......... को रखें ।<br>अंचल अधिकारी,<br>कटकमदाग | |

Scanned with CamScanner

| दिनांक | आदेश |
|---|---|
| | **अभिलेख उपस्थापित**<br>निर्धारित तिथि तक किसी भी रैयत के द्वारा आपति प्रस्तुत नही किया गया है ।<br>आदेश हेतु अभिलेख उपस्थापित करें ।<br>अंचल अधिकारी,<br>कटकमदाग<br>**आदेश**<br>राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक कटकमदाग के प्रतिवेदनानुसार आवेदक के नाम पूरानी पंजी II में जमाबंदी कायम है तथा अंचल अमीन के प्रतिवेदन से आवेदित भूमि पर जमाबंदी रैयत के वंशजो का दखल–कब्जा है ।<br>उपरोक्त जाँच एवं खतियान के आधार पर मौजा– नावाडीह अन्तर्गत खाता संख्या–04 प्लॉट संख्या–1167 रकवा–27 डी0 भूमि की ऑनलाईन जमाबंदी सोनिया देवी पति–स्व0 तुलसी महतो के नाम से प्रविष्टि की स्वीकृति प्रदान करते हुए वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है।<br>लेखापित एवं सत्यापित।<br>अंचल अधिकारी,<br>कटकमदाग<br>अंचल अधिकारी,<br>कटकमदाग |

Digitally signed by Satyendra Narayan Paswan
Date: 2025.12.24 12:30:31 +05:30
Location: 10.141.243.216

Scanned with CamScanner